न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विभिन्न पत्र संख्या : 28 / 2024

प्रार्थीनी — अप्रार्थी

काली देवी बनाम राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार लूणी।

किस्म मुकदमा– राजस्व विभिन्न प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम

तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25/5/2024	प्रार्थीनी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा ,136 भू राजस्व अधिनियम का प्रार्थना पत्र ग्राम मोगडा कला पटवार हल्का मोगडा कला तहसील लूणी के खसरा नम्बर 90 रकबा 0.7203 हैक्टर मे प्रार्थीनी का उक्त खसरान की कृषि भूमि मे काली के स्थान पर रामप्यारी दर्ज कर दिया गया जबकि प्रार्थीनी के पति का नाम पपला राम के स्थान पर पपू दर्ज कर दिया गया जबकि प्रार्थीनी का सही नाम वास्तविक नाम काली देवी एव पति का नाम पपला राम है। इसलिए प्रार्थीनी द्वारा रामप्यारी के स्थान पर काली देवी एवम् पपू के स्थान पर पपला राम किया जाने निवेदन किया गया । प्रार्थीनी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को समन जारी किये गया तथा तहसीलदार लूणी से जबाव वास्ते तहरीर जारी की गई। तहसीलदार लूणी के पत्र कमाक / भू.अ / 2024 / 1033 दिनाक 08.04.2024 के द्वारा प्रकरण मे जबाव प्राप्त हुआ। जिसमे बताया गया कि मोगडा कला के खसरा नम्बर 90 रकबा 0.7203 हैक्टर मे प्रार्थीनी का नाम रामप्यारी पत्नी पपू हिस्सा 1/36 जाति सरगरा सा देह दर्ज है राजस्व रेकर्ड मे रामप्यारी का नाम ग्राम मोगडा कला के नामान्तरकरण संख्या 575 के जरिये पपू पि,छगना के स्थान पर विरासत मे दर्ज हुआ है। एवम् प्रार्थीनी के आधार कार्ड राशन कार्ड मे काली देवी पत्नी पपलाराम नाम से बने हुए है काली देवी एव रामप्यारी पत्नी पपलाराम एक ही महिला है एवं उनका नाम शुद्व किया जाने की अनुशषा की गई है। एवं सहखातेदार डुगरिया उर्फ डुगरराम ,हुकिया उर्फ हुक्माराम, रूकडी द्वारा शपथ पत्र के जरिये रामप्यारी के स्थान पर काली देवी पत्नी पपला राम किया जावे तो कोई एतराज नही का शपथ पत्र पेश किया गया । अतः– प्रार्थीनी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व, अधिनियम को प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य प्रतीत होने से प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार लूणी को आदेश दिया जाता है कि ग्राम मोगडा कला पटवार हल्का मोगडा कला तहसील लूणी के खसरा नम्बर 90 रकबा 0.723 हैक्टर मे प्राथीर्नी का नाम रामप्यारी पत्नी पपू के स्थान पर रामप्यारी उर्फ काली देवी पत्नी पपू उर्फ पपला राम नाम दर्ज किया जावे पालना रिपोर्ट वास्ते तहसीलदार लूणी को तहरीर जारी हो पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।	

कार्यालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट (लूणी)

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी